Title: Need to provide manned railway crossing at Ahladpur Sai Takia in Saidpur Parliamentary Constituency.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र सैदपुर (जनपद गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश) में औड़िहार से जौनपुर के बीच मीटर-गेज लाइन है जो सैदपुर विकास खंड से होकर गुज़रती है। विकास खंड सैदपुर में अहलादपुर साई तकिया के पास रेलवे लाइन को क्रॉस करती हुई एक पक्की सड़क गुज़रती है जिस पर हर वक्त वाहनों और लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यहां क्रॉसिंग नहीं होने से न केवल वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है बल्कि दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती है। इस क्षेत्र की जनता लंबे अर्से से यहां रेलवे क्रॉसिंग बनाने की माँग करती आ रही है। अतः सरकार से हमारी माँग है कि वह जनता की परेशानियों और कठिनाइयों को देखते हुए अहलादपुर साई तकिया के पास रेलवे क्रॉसिंग बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए।